दिनांक : 15.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

78वें सेना दिवस के अवसर पर आज जयपुर में मुख्य परेड का आयोजन हुआ। जगतपुरा के महल रोड़ पर हुई परेड के दौरान भारतीय सेना के जवानों ने शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया। इस दौरान सेना की आधुनिक सैन्य और युद्धक क्षमता का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही स्वदेशी तकनीक से विकसित मिसाइल प्रणालियां, अत्याधुनिक टैंक, सैन्य वाहन, ड्रोन, एंटी एयर और एंटी टैंक हथियारों के माध्यम से सेना की सामरिक शक्ति की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। सेना के विभिन्न रेजीमेंट के जवानों ने परेड में भाग लिया। परेड में नेपाल के आर्मी बैण्ड ने भी शामिल होकर दोनों देशों की सेनाओं के बीच तालमेल और मित्रता का संदेश दिया। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की झांकी, ब्रह्मोस मिसाइल और हेलिकॉप्टर आधारित हथियार प्रणाली इस परेड का मुख्य आकर्षण रहे।
इसके अलावा विभिन्न लोक नृत्यों की भी प्रस्तुति हुई। इनमें कालबेलिया और गैर–नृत्य शामिल हैं। परेड की शुरूआत में सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने देश की अक्षुणता की रक्षा के लिए शहीद हुए जवानों के परिजनों को सेना मेडल प्रदान किये। परेड को देखने राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित राज्य कैबिनेट मंत्री पहुंचे। इसके अलावा भारतीय सेना के अधिकारी और जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए।
परेड के बाद सेना प्रमुख ने मीडिया से बात करते हुए परेड में शामिल जवानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर परिपक्व और आत्म विश्वास से भरपूर सैन्य कार्यवाही थी।

....

सेना दिवस के मौके पर आज शौर्य संध्या का आयोजन किया जाएगा। एसएमएस स्टेडियम में होने वाले इस आयोजन में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शिरकत करेंगे। आयोजन के मद्दे नजर शहर में शाम 4 से आठ बजे तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने दुनिया को दिखाया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रक्रियाएं लोकतंत्र को स्थिरता, गति और बड़े पैमाने पर बढ़ावा देती हैं। आज नई दिल्ली में संविधान सदन में कॉमनवेल्थ के स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि भारत ने विविधता को लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति के लिए जन कल्याण की भावना से काम कर रही है।

....

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। इस सम्मेलन में 42 राष्ट्रमंडल देशों के 61 अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में समकालीन संसदीय मुद्दों की विस्तृत श्रृंखला पर गहन चर्चा की जाएगी।

....

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से राज्य स्तरीय आरोग्य मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में लोगों को आयुष विभाग द्वारा विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी दी जाएगी। मेले में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, और होम्योपैथी पद्धतियों की निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, लोगों को आयुष आधारित जीवनशैली परामर्श भी दिया जाएगा।

....

साहित्य के महाकुम्भ जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल –जेएलएफ की आज से शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इसका उद्घाटन किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और दिया कुमारी मौजूद रहे। होटल क्लार्क्स आमेर में हो रहे इस फेस्टिवल के दौरान विभिन्न सत्रों में टेक्नोलॉजी, साहित्य, राजनीति, खेल, इतिहास और सिनेमा विषयों पर संवाद होंगे। पांच दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में देश–विदेश से 500 से अधिक साहित्यकार, विचारक और विशिष्ट हस्तियां शिरकत कर रहे हैं।

....